तापमान
अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

12 कांवला में पानी निकासी और स्वच्छता की समस्या का...

12 प्रेरणादायक गीतों से छात्रों को जीवन में सही दिशा...

खबर संक्षेप

छह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत

यमुनानगर। छछरौली थाना क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा छह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत की गई। जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जुलाई को गांव खिल्लेवाला निवासी आशिक ने उसकी छह वर्षीय लडकी के साथ अश्लील हरकत की। जब वह शोर सुनकर मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें आता देखकर मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी आशिक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने पर किसान की मौत

कुरुक्षेत्र। ठसका मीरांजी गांव में ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने पर किसान की मौत हो गई। सूचना मौके पाकर मौके पर पहुंची बिजली विभाग को परिवार के गुस्से का सामना करना पड़ा। परिवार ने बिजली निगम के जेई और लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक किसान की पहचान 65 साल के जरनैल सिंह के रूप में हुई। जगतार सिंह ने बताया कि उनके खेत में लगा ट्रांसफॉर्मर जलबेहड़ा फीडर से जुड़ा है, जिसमें कुछ फाल्ट आ गया था। बिजली जाने के बाद उसके पिता ट्रांसफॉर्मर का फाल्ट ठीक करने में जुट गए, लेकिन तभी बिजली आ गई और करंट का जोरदार झटका लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

कार की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

कुरुक्षेत्र। लाडवा में बेटे की दवा लेने जा रहे दो भाइयों की बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सीएचसी लाडवा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण परिजन उसे रात में घर ले आए। हालत बिगड़ने पर उसे दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी कार ड्राइवर मौके पर रुकने की बजाय फरार हो गया। मृतक की पहचान 25 साल के राम भरोसे निवासी लाठी धनौरा गांव के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

महिला तस्कर 87 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

थानेसर। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला को 87 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 जुलाई को थाना शहर पिहोवा प्रभारी निरीक्षक सुनील वत्स के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पिहोवा चौंक पर गश्त और अपराध रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अंबाला शहर के पम्मी चौक, बास बाजार निवासी एक महिला लंबे समय से अफीम की तस्करी में संलिप्त है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला पुलिसकर्मी ने उसके कब्जे से 87 ग्राम अफीम बरामद हुई।

साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। टेलीग्राम से लाखों रूपयों की नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को कानपुर झांसी यूपी से गिरफ्तार किया। साइबर पुलिस के उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता दिवाकर कुमार ने 7 सितंबर 2024 को थाना साइबर क्राइम में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 23 जुलाई 2024 से 13 अगस्त 2024 के बीच आरोपी ने टेलीग्राम के माध्यम से उसे अपनी बातों में उलझाकर उससे लाखों रूपयों ठग लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

विकास कार्यों में देरी और ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोपों पर कार्रवाई

17 वोटों से गिरी जिप चेयरमैन की कुर्सी, रीना खरकाली को कमान

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, 25 में से 19 सदस्यों ने लिया भाग, दो ने चेयरपर्सन के पक्ष में किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जिला परिषद करनाल की चेयरपर्सन प्रवेश राणा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को भारी बहुमत से पारित हो गया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में 25 में से 19 जिला परिषद सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 17 सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ जबकि दो सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही प्रवेश राणा को चेयरपर्सन पद से हटना पड़ा। अब वाइस चेयरमैन रीना खरकाली को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि बैठक के लिए आवश्यक दो-तिहाई कोरम पूरा होने के बाद बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। मतदान के तुरंत बाद मौके पर ही मतगणना की गई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव को स्पष्ट बहुमत मिल गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। जिला परिषद सदस्यों के अनुसार चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग करीब छह से सात महीने पहले उठी थी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को इस पर अंतिम निर्णय लिया गया। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सदस्यों का आरोप है कि साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल बीतने के बावजूद कई वार्डों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो सके। कई बार जिला परिषद की बैठकों में यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कुछ सदस्यों ने ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोप भी लगाए, जिससे परिषद के भीतर असंतोष बढ़ता गया।

कुरुक्षेत्र। विशेष बैठक में मौजूद उपायुक्त व जिला परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- दो तिहाई कोरम पूरा होने के बाद बैलेट पेपर से हुआ मतदान
- छह माह पहले उठी थी चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग
- साढ़े तीन वर्ष बाद भी वार्डों में नहीं हुए अपेक्षित विकास कार्य

अब वाइस चेयरपर्सन संभालेंगी जिम्मेदारी

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि नए चेयरपर्सन के चुनाव तक वाइस चेयरपर्सन रीना खरकाली कार्यकारी चेयरपर्सन के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगी। इसके बाद नियमानुसार नए चेयरपर्सन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला परिषद के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि बचे हुए कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

निगम के सफाई कर्मियों को मिलेगी ईपीएफ व ईएसआई

■ कार्यक्रम में कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं की गई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य संजीव घारू ने वीरवार को अंबाला शहर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अम्बाला शहर, बाल जगत पब्लिक स्कूल सौंडा व महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल सौंडा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों तथा उनसे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूलों में नियुक्त सफाई कर्मचारियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने नगर निगम, नगर परिषद व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से बातचीत की। उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में दो सफाई कर्मचारी महिलाओं ने समस्या को लिखित में दी। जिस पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम की मेयर अक्षिता सैनी, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, अतिरिक्त निगम आयुक्त दीपक सूरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा मौजूद रहे। एडवोकेट संजीव घारू ने कहा कि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों के हितों, के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, जैसे ईपीएफ, ईएसआई, पहचान पत्र, पीपीई किट एवं अन्य सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां कहीं आवश्यक प्रक्रियाएं लंबित हैं तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

फायरिंग मामले में दो बदमाशों से करवाई निशानदेही

■ आरोपियों ने गत 13 जुलाई को गांव कांजनू में पुलिस टीम पर की थी फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर पुलिस पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार किए गए दो बदमाशों से पुलिस ने घटना स्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई। आरोपियों ने गत 13 जुलाई को रादौर के कांजनू पुल पर पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो तीन बदमाशों की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। जबकि एक आरोपी को मौके गिरफ्तार कर लिया गया था। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया था। जानकारी के मुताबिक गत 13 जुलाई की रात को रादौर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कांजनू के पुल के नजदीक कुछ संदिग्ध युवक घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ना चाहा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो तीन बदमाशों की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया। जबकि तीनों घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने उस समय आरोपियों से तीन पिस्टल व एक देसी कट्टा बरामद किया था। पुलिस आज चारों बदमाशों में से दो आरोपियों सोनीपत निवासी पवन व सतबीर को लेकर कांजनू पुल पर पहुंची। जहां पर पुलिस ने आरोपियों से घटनास्थल की निशानदेही करवाई।

रादौर। गांव कांजनू पुल के पास बदमाशों से घटनास्थल की निशानदेही करवाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

मामले की जांच जारी

रादौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। दो बदमाशों पवन व सतबीर से कांजनू पुल के पास घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई गई।

दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कुवि में आक्रोश प्रदर्शन

■ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। छात्र केंद्रीय लाइब्रेरी के सामने एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए थर्ड गेट तक पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, और शिक्षा बचाओ जैसे नारे लगाए। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया गया, जो पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना था किपेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर सरकार जवाब देने से बच रही है।

सड़क हादसे में स्टेशन मास्टर की हुई मौत

अंबाला। अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर देर रात हुए सड़क हादसे में कैंट स्टेशन पर तैनात रेल कर्मचारी की मौत हो गई। जान गंवाने वाले कर्मचारी मुरली मनोहर झा कैंट जंक्शन पर स्टेशन मास्टर के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार रात करीब साढ़े आठ बजे जीटी रोड स्थित पुल के पास ट्रक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी थी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के बेटे वैभव झा के बयान पर थाना पड़ाव पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। अब पुलिस लापरवाह वाहन चालक को तलाश रही है।

जनता को समय पर न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता: मंत्री गंगवा

■ कष्ट निवारण समिति की बैठक में नौ शिकायतों का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं की सुनवाई की। बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि पांच मामलों को विस्तृत जांच के लिए अगली बैठक तक लंबित रखा गया। जिला सचिवालय पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया तथा शिकायतों के समाधान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय सहयोग किया। गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय दिलाना है। सरकार हर व्यक्ति के साथ न्याय कर रही है। बैठक में शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिप अध्यक्ष ज्योति शर्मा समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आदि रहे।

कच्चा माल दिलवाने के बहाने कारोबारी से हड़पे 1.2 करोड़

यमुनानगर। कच्चा माल दिलवाने के बहाने प्लाईवुड कारोबारी से एक व्यक्ति ने एक करोड़ दो लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार चोपड़ा गार्डन निवासी सुमित गुप्ता ने दिसंबर 2023 में उसकी मुलाकात ज्योति नगर यमुनानगर निवासी रोहित कालड़ा के साथ हुई थी। आरोपी रोहित कालड़ा उसके पास लकड़ी का माल बेचने के लिए आया था। आरोपी उसे कहने लगा कि उसका लकड़ी का अच्छा कारोबार है। उसके पास कई तरह के बड़े डीलर व कारोबारी है। जो उसको लकड़ी का कच्चा माल अच्छे रेट में दे देंगे। दिसंबर 2023 से जून 2024 तक उसने आरोपी को एक करोड़ 23 लाख रुपये दे दिए। रोहित कालरा ने उसे पर विश्वास बनाने के लिए उसको कुछ रुपये वापस कर दिए मगर इसके बाद आरोपी रोहित ने उसको लकड़ी का कोई भी माल नहीं भेजा। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मादक पदार्थ के आठ दोषियों पर जुर्माना व कैद

पानीपत। एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट, एनडीपीएसएस, योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपियों कांता, प्रेमो, इसका पुत्र गुरमेज व इसके पुत्र मलकीत उर्फ बिल्लू निवासी गांव राक्सेडा व बसाडा जिला पानीपत, गुरदास, निशान सिंह निवासी गांव नलीपार जिला करनाल, राजकौर निवासी दिल्ली, गुरमीत निवासी गांव गढी नवाब जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं जज चौधरी की अदालत ने दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी किया है।

यमुनानगर नो फ्लाइंग व रेड जोन किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिलाधीश प्रीति

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के यमुनानगर जिला में 25 व 26 जुलाई को प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत जिलाधीश प्रीति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत आदेश जारी करते हुए पूरे यमुनानगर जिले को उक्त अवधि के लिए नो फ्लाइंग जोन एवं रेड जोन घोषित किया है। यह आदेश सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिया गया है।

जिलाधीश प्रीति द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मुख्यमंत्री की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में किसी भी प्रकार के ड्रोन अथवा अन्य मानव रहित हवाई वाहनों के उड़ान संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मुख्यमंत्री के आगमन से चार घंटे पूर्व प्रभावी होगा तथा उनके प्रस्थान के एक घंटे बाद तक लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल एवं मुख्यमंत्री के भ्रमण स्थलों के लगभग 500 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार (सिख समुदाय के प्रतीक स्वरूप कृपाण को छोडकर) किसी भी प्रकार के हथियार अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाली वस्तु लेकर चलने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

सेवा व संभाल प्रस्ताव पर 72 घंटे के अंतराल में बुलाई थी बैठक

एचएसजीएमसी करेगी मीरी पीरी संस्थान की संभाल

कर्मचारियों के वेतन का भी जल्द किया जाएगा भुगतान, बैठक में सर्वसम्मति से लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ही मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा संभाल करेगी। यह फैसला हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। हरियाणा कमेटी के मुख्य कार्यालय में वीरवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि जब प्रदेश के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा हरियाणा कमेटी संभाल रही है, तो ऐसे में शाहाबाद मारकंडा में चल रहे मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा पर भी हरियाणा कमेटी का अधिकार है। इसलिए मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा संभाल का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी समिति ने पास कर दिया है। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर 72 घंटे के अंतराल में कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई गई थी। आज हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में सभी मैंबर साहिबान ने सर्व सम्मति से मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा 72 घंटे में करने का प्रस्ताव पास किया है। वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सिंह रामशरण ने कहा कि पिछले समय से इंस्टीच्यूट की सेवा संभाल का कार्य अधूरा था, जिसे अब पूरा किया जाएगा। इस दौरान करनैल सिंह, पलविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, जगतार सिंह, टी पी सिंह, रुपिंदर सिंह सहित हरियाणा कमेटी के मुख्य सचिव जसविंदर सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह, उप सचिव अमरिंदर सिंह, उप सचिव रुपिंदर सिंह और निजी सचिव शमशेर सिंह भी मौजूद रहे।

कुरुक्षेत्र। कार्यकारिणी समिति के बैठक में शामिल मैंबर साहिबान।

खबर संक्षेप

किसान के फार्म से 12 क्विंटल लहसुन चोरी

यमुनानगर। गांव बरेहड़ी में चोरों ने किसान सुनील कुमार के फार्म पर रखा 12 क्विंटल लहसुन चोरी कर लिया। चोरी का आरोप अजीज नामक युवक पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बरेहड़ी निवासी सुनील कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के पास फार्म हाउस बनाया हुआ है। उसने अपने फार्म हाउस पर बेचने के लिए लहसुन रखा हुआ था। चोरों ने 22 जुलाई को शाम चार बजे उसके फार्म हाउस में घुसकर वहां से लहसुन चोरी कर लिया। जब वह अपने फार्म हाउस पर पहुंचा तो उसे वहां से करीब 12 क्विंटल लहसुन गायब मिला। जांच के दौरान उसे मालूम होगा कि यह लहसुन अजीज ने चोरी किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

युवक ने व्यक्ति की जेब से निकाला पर्स

यमुनानगर। गांव अराइयावाला निवासी रामस्वरूप ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे एक अज्ञात युवक मिला। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया और छीना झपटी करके पर्स लेकर भाग गया। उसके पर्स में 2250 रुपये और जरूरी कागजात थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दुकान से नकदी समेत हजारों के सामान चोरी

यमुनानगर। शास्त्री कॉलोनी निवासी गौरव अरोड़ा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी वर्कशाप रोड पर आईएस ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है। 21 जुलाई की रात को आठ बजे वह दुकान बंद कर घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान में रखा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से 12 हजार रुपये, पीतल का सामान व स्प्रे गन गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कहासुनी होने पर व्यक्ति को पीटकर किया घायल

यमुनानगर। जगाधरी की ग्रीन विहार कॉलोनी में कहासुनी होने पर पांच युवकों ने एक व्यक्ति को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चनेटी निवासी ताराचंद ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई को रात आठ बजे वह ग्रीन विहार कॉलोनी आया था। वहां पर उसके ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी दीपक व ठाठ सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने अपने साथियों कंवर पाल, रोहित व बसंत के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया

रादौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में भारतीय मजदूर संघ का 71वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय श्रमिक संगठन है। इसकी स्थापना 23 जुलाई 1955 को हुई थी। उन्होंने बताया कि भारत के अन्य श्रम संगठनों की तरह यह किसी संगठन के विभाजन के कारण नहीं बना है। यह एक विचारधारा के लोगों को सम्मिलित प्रयास का परिणाम था। यह देश का पहला मजदूर संगठन है जो किसी राजनीतिक दल की श्रमिक इकाई नहीं बल्कि मजदूरों का मजदूरों के लिए मजदूरों द्वारा संचालित अपने में स्वतंत्र मजदूर संगठन है।

अवैध रूप से विकसित हो रहीं कालोनियों की करें जांच, थमाएं नोटिस

एनएच पर बनीं अवैध दुकानों, ढाबों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई: प्रीति

जिला सचिवालय में अवैध कालोनियों पर कार्रवाई को लेकर डीटीपी, एनएचआई, पीडब्ल्यूडी व बीएंडआर के अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। लघु सचिवालय में अवैध कालोनियों को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

जिले में नियम कानून को ताक पर रखकर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर कार्रवाई को लेकर लघु सचिवालय में डीटीपी, एनएचआई, पीडब्ल्यूडी व बीएंडआर के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अवैध कालोनियों और दुकानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने जिला नगर योजनाकार विभाग समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जहां कहीं भी अवैध कालोनियां विकसित की जा रही हैं। उनकी जांच करके उनके खिलाफ नोटिस जारी करके कार्रवाई करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण की सूचना अपने संबंधित एसडीएम को दें। उपायुक्त प्रीति ने जिला के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण व अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से बनी दुकानों व रेस्टोरेंट व ढाबा के संचालकों को तुरंत नोटिस दें तथा कार्रवाई करें। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को जहां भी अवैध कॉलोनी, रेस्टोरेंट या ढाबे अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं उनकी रजिस्ट्रियां नहीं होने देने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि जिले में अवैध रुप से विकसित की जा रही कालोनियों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

ये रहे मौजूद

मौके पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, डीएसपी कवलजीत सिंह, डीटीपी राजेश कुमार,राजेश कुमार, नगर निगम के ईओ जसबीर सिंह, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग पुनीत मित्तल, एसडीओ अनुराग जिंदल व नगर योजनाकार से कनिष्ठ अभियंता समीर सैनी आदि मौजूद रहे।

अनाज मंडी में जलनिकासी नहीं होने से आढ़ती परेशान

रादौर। रादौर अनाज मंडी में बरसाती पानी की निकासी के इंतजामों पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं। जिन्हें लेकर मंडी के आढ़ती परेशान हैं। आढ़तियों ने मार्केट कमेटी रादौर प्रशासन से अनाज मंडी में बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाने की मांग की है। मंडी के आढ़ती सुभाष कांबोज, सुशील बत्रा, राजेश रादौर, आशु आहूजा, आशु सांगवान व शिव कुमार संधाला आदि ने बताया कि अनाजमंडी में बरसाती पानी की निकासी न होने के चलते मार्केट कमेटी की ओर से आढ़तियों की मांग पर कुछ समय पहले पानी की निकासी पर लाखों रूपये की राशि खर्च की थी। लेकिन निकासी फिर भी नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि मंडी में बरसाती पानी की निकासी के लिए विभाग की ओर से आज तक मोटर भी नहीं लगवाई गई है। वहीं, मंडी में विभाग की ओर से बरसाती पानी की निकासी के लिए बनवाया गया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बंद पड़ा हुआ है। जिससे मंडी में बरसाती पानी की निकासी न के बराबर हो रही है। जरा सी बरसात होने पर मंडी में कई कई फुट बरसाती पानी जमा हो जाता है। आलम यह है कि मंडी में कुछ समय पहले लगाए गए लोहे के जंगले टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे पता चलता है कि मंडी में करवाए गए कार्यों में कोताही बरती गई है। उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार से अनाज मंडी रादौर में बरसाती पानी की निकासी के लिए पुख्ता प्रबंध करवाए जाने व टूटे पड़े जंगलो को ठीक करवाए जाने की मांग की।

- आढ़तियों ने की मंडी से बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाने की मांग उठाई

राम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ के दौरान मारपीट, हथियार लहराए

जान से मारने का प्रयास मंदिर में स्थापित मूर्तियों को बाहर फेंकने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के गुरु अर्जुन नगर स्थित राम मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ के दौरान हंगामा हो गया। एडवोकेट चक्षु जुनेजा ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने मंदिर में घुस कर उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर धमकाया और मंदिर में स्थापित मूर्तियों को बाहर फेंकने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में चार नामजद व एक अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति पर आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार श्रीनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी एडवोकेट चक्षु जुनेजा ने बताया कि उनके दादा ने 1961 में गुरु नानकपुरा स्थित श्री राम मंदिर का निर्माण कराया था। दादा के निधन के बाद मंदिर की देखरेख उनके पिता पवन कुमार जुनेजा ने की। फिर उनकी बुआ शारदा ने यह जिम्मेदारी निभाई और अब वह स्वयं मंदिर की देखरेख कर रहे हैं। कहा कि नरेंद्र, पुनीत, राजिंद्र सिक्का, एक अज्ञात पिस्टलधारी व्यक्ति, हरगोपाल तथा उनके अन्य साथी पिछले कुछ समय से मंदिर के कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने जून में मंदिर में नई मूर्तियों की स्थापना करवाई थी और शनिदेव के सम्मान में अखंड ज्योत भी प्रज्वलित की थी।

जिसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे। मंगलवार की शाम करीब सवा सात बजे वह मंदिर के पुजारी के साथ मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई की और एक अज्ञात व्यक्ति पिस्टल लेकर आया और धमकी दी। लोगों ने किसी तरह उन्हें आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और मूर्तियों को नुकसान होने से बचाया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

एक पेड़ मां के नाम अभियान का पौधरोपण कर किया शुभारंभ

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में वृक्षारोपण कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई।

शिक्षा विभाग की ओर से डिप्टी डीईओ केएस संधावा ने बतौर मुख्य अतिथि पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षों एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रभावशाली कविताएँ, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का अमूल्य उपहार हैं। वे न केवल हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की गति को कम करने, वर्षा चक्र को संतुलित रखने, जैव विविधता को संरक्षित करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने में भूमिका निभाते हैं। केएस संधावा ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल से किया जा रहा है।

पश्चिमी यमुना नहर में नहाने उतरा युवक पानी के तेज बहाव में बहा

यमुनानगर। शहर के बाड़ी माजरा स्थित डेहा बस्ती के पास पश्चिमी यमुना नहर में नहाने उतरा 28 वर्षीय युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। लापता युवक की पहचान शंभू कॉलोनी निवासी गौरव के रूप में हुई है। वह

मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। उसके माता पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह अपने मामा अजय कुमार के साथ रहता था। जानकारी के अनुसार गौरव शाम को बाइक पर अपने दो-तीन साथियों के साथ नहर में नहाने के लिए पहुंचा था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया लेकिन वह देखते ही देखते पानी में लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोर की टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को नहर किनारे बाइक और कपड़े पड़े हुए मिले। कपड़ों में एक गैस एजेंसी की पर्ची भी मिली। जिससे युवक की पहचान में मदद मिली। इस दौरान पुलिस ने गोताखोरों के साथ मिलकर नहर में सर्च अभियान चलाया। लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। गोताखोर राजीव ने बताया कि नहर में डूबे व्यक्ति का शव सामान्य तौर पर 48 से 72 घंटे के भीतर पानी की सतह पर आ सकता है। फिलहाल युवक की तलाश जारी है।

न्यूज डायरी

स्वास्थ्य शिविर में 132 मरीजों की जांच

रादौर। नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से रादौर के रविदास मंदिर पटाक माजरी व वार्ड नं 02 के ओढ़ कॉलोनी में मेडिकल वैन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 132 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां दी गई। वहीं 8 लोगों के खून व पेशाब टेस्ट किए गए। शिविर के दौरान डॉ.प्रमोद सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा लगाए गए शिविर में लोगों को निशुल्क दवाईयां व लैब टेस्ट किए जा रहे हैं। जिससे लोगों को घरों के बाहर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। जो कि अपने आप में बहुत ही सराहनीय कार्य है। मौके पर सतवंत कौर, कृष्ण लाल, राजकुमार शर्मा, रामभज मोंगिया, संयोगिता रानी व गीता जुनेजा आदि मौजूद थे।

मनाई गई महान क्रांतिकारी आजाद की जयंती

रादौर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में वीरवार को महान क्रांतिकारी एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती देशभक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष चौधरी रणधीर सिंह ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चौधरी रणधीर सिंह ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान व संघर्ष का ही परिणाम है। शहीद चंद्रशेखर आजाद का अदम्य साहस, राष्ट्र प्रेम, मातृभूमि के प्रति समर्पण सदैव देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आजाद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। चंद्रशेखर आजाद को भारत के महान क्रांतिकारियों में गिना जाता है और उनकी जयंती प्रत्येक वर्ष 23 जुलाई को श्रद्धा के साथ मनाई जाती है।

नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

रादौर। नगरपालिका रादौर द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए नए नए तरीके इजाद किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नपा की ओर से रादौर के गीता बाजार में स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने नागरिकों को अपने आसपास साफ सफाई रखने व कस्बा को स्वच्छ और सुदंर रखने का संदेश दिया। नगरपालिका के सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को खुले में कचरा न डालने व अपने आसपास साफ सफाई किए जाने को लेकर प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक में गंदगी फैलने से होने वाले नुक्सान और सफाई और स्वच्छता अपनाने से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को अवगत करवाया। मौके पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक में जहां लोगों का मनोरंजन किया, वहीं, उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। किसी भी गांव व शहर को साफ सुथरा रखने में स्थानीय लोगों का बहुत बड़ा योगदान होता है। सफाई व्यवस्था से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। हमें भी रादौर शहर को साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। जिससे सफाई के क्षेत्र में रादौर का नाम पूरे प्रदेश में चमक सके।

बेगुनाह छात्रों पर लाठीचार्ज अन्यायपूर्ण: बुबका

रादौर। रादौर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने और भाजपा की दमनकारी नीतियों को लेकर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत गांव काजीबांस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कांग्रेस के विस नेता उमेश बुबका ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की नीतियों और भाजपा के कुशासन से ग्रामीणो को अवगत करवाया। कांग्रेस के विस नेता उमेश बुबका ने कहा कि भाजपा की दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र कराह उठा है। आज बेगुनाह छात्रों पर लाठियां भांजी जा रही हैं। जो अन्यायपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में अपनी आवाज उठाना भी बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जंतर मंतर पर जिस तरह बेगुनाह छात्रों पर लाठियां भांजी गई वह काफी निंदनीय है। इसका बदला देश की जनता आने वाले चुनाव में लेगी। विस नेता उमेश बुबका ने कहा कि भाजपा राज में मजदूर, व्यापारी, विद्यार्थी, किसान, महिलाएं महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान हैं। आए दिन लुटपाट, फिरौती,जान से मारने की धमकियां लोगों को दी जा रही हैं। प्रदेश में अराजक तत्वों का राज हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को बेरिकेट लगाकर रोका जा रहा है। जो भी व्यक्ति अपनी बात कहने के लिए आंदोलन करता है। उस पर लाठीचार्ज करवा दिया जाता है। कांग्रेस की सरकार ने कभी किसानों व विद्यार्थियों को नहीं पिटवाया। उनकी मांगों को सुना। देश व प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा।

मेयर सुमन बहमनी ने मैराथन रुट का किया निरीक्षण, दिए सारे इंतजाम दुरुस्त करने के निर्देश

नशे के खिलाफ 26 जुलाई को दौड़ेगा यमुनानगर, तैयारियां हुईं तेज

मेयर ने धावकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने की व्यवस्था करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। मैराथन दौड़ के रुट स्थल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

नशा से जंग यमुनानगर के संग को लेकर यमुनानगर में 26 जुलाई को आयोजित की जाने वाली मैराथन दौड़ को लेकर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने रुट स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दौड़ के रुट स्थल पर संबंधित अधिकारियों को जल्द सभी इंतजाम पूरे कर लिए जाने के निर्देश दिए। मौके पर उनके साथ निगमायुक्त महाबीर प्रसाद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि मैराथन के समय रुट स्थल पर धावकों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

ध्यान रहे, किसी को दिक्कत न हो

मौके पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैराथन से पहले सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से रूट का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे तथा उन्होंने मेयर और निगम आयुक्त को तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि मैराथन दौड़ के रूट की तैयारियों अंतिम चरण में है।

इस दौरान मेयर सुमन बहमनी ने अन्य अधिकारियों के साथ कैल कचरा निस्तारण प्लांट, रक्षक विहार नाका, जगाधरी बस स्टैंड चौक तथा मटका चौक सहित मैराथन मार्ग के प्रमुख स्थलों का दौरा किया। उन्होंने सड़क किनारे सफाई व्यवस्था, डिवाइडरों की रंगाई,पुताई, पौधरोपण, स्ट्रीट लाइटों की स्थिति, संकेतक बोर्ड, पेयजल व्यवस्था तथा मार्ग की मरम्मत के कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी गंदगी, मलबा या टूट फूट कहीं भी दिखाई नहीं देनी चाहिए और पूरे मार्ग को आकर्षक स्वरूप दिया जाए, जिससे कि धावकों को दौड़ में किसी तरह की कोई परेशानी महसूस न हो।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नशे के खिलाफ होने वाली यह मैराथन दौड़ केवल एक खेल आयोजन नहीं है। बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देने वाला जन जागरूकता अभियान है। इसलिए नगर निगम की ओर से रूट को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और स्वच्छता का सकारात्मक संदेश प्रदेशभर से आने वाले प्रतिभागियों तक पहुंचना चाहिए।

- मेयर ने धावकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने की व्यवस्था करने को कहा

खबर संक्षेप

लापता किशोर को परिजनों से मिलवाया

थानेसर। डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने बिहार से लापता एक मानसिक रूप से कमजोर किशोर को घायल अवस्था में न केवल उसका उपचार करवाया गया, बल्कि अथक प्रयासों के बाद उसे उसके परिजनों से भी मिलवा दिया। परिजनों ने अपने बेटे के सकुशल मिलने पर राहत की सांस लेते हुए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों का धन्यवाद किया है। गत दिवस बिहार के दरभंगा निवासी किशोर सवीन कुमार के परिजनों को डेरा श्रद्धालुओं ने किशोर को सौंप दिया।

लाडवा अनाज मंडी में मां भगवती जागरण 25 को

लाडवा। लाडवा की अनाज मंडी में मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन होने जा रहा है। जागरण का आयोजन जय ज्वाला जी सेवा मंडल लाडवा द्वारा करवाया जा रहा है। इस बार जागरण में मां का भव्य द्वार देखने योग्य होगा। यह जानकारी मंडल के प्रधान अंकित गर्ग व महासचिव रोहित सिंघल ने वीरवार को मंडी में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई दिन शनिवार को लाडवा अनाज मंडी में भव्य मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में महामाई का गुणगान पंजाबी गायक इंद्रजीत निक्कू व टी-सीरीज के सुप्रसिद्ध गायक रितिक गुप्ता करेंगे।

एक साल में 1000 पौधे लगाने का लिया संकल्प

कुरुक्षेत्र। राष्ट्र प्रेम मंच के सदस्यों ने विजय सैनी के नेतृत्व में गांव अमरगढ़ मझाड़ा के शमशान घाट में नीम, बरगद व पीपल के पौधा लगाकर जल, जंगल, जीवन के प्रति संकल्पित होकर जल जंगल जीवन को बचाने का अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय सैनी ने कहा कि जल जंगल जीवन हर हाल में बचाना होगा और ये कहने और वादे करने से नहीं होगा ये करने से होगा इसमें हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी। विजय सैनी ने कहा कि अगले एक साल में राष्ट्र प्रेम मंच ने 1000 नीम बरगद, पीपल के पेड़ लगाने का संकल्प लिया।

डॉ. सोहन को मिला 18 लाख रुपये का शोध अनुदान

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सोहन लाल को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) द्वारा हरियाणा राज्य अनुसंधान निधि (एचएसआरएफ) के अंतर्गत 18 लाख रुपये का प्रतिष्ठित शोध अनुदान स्वीकृत किया गया है। यह परियोजना दो वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है। डॉ. सोहन लाल की शोध परियोजना का शीर्षक ह्यजैविक कचरे (बायो-वेस्ट) के साथ अपशिष्ट प्लास्टिक के कंपोजिट तैयार कर प्लास्टिक प्रदूषण का प्रभावी समाधानह्ण है।

थानेसर के लोगों को सड़कों से संबंधित समस्याओं से मिलेगी निजात

सड़कों के निर्माण के लिए पारित किया जाएगा 99.16 लाख का बजट : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से सडकों के निर्माण के लिए 99.16 लाख रुपए का बजट पारित किया जाएगा है। इन सडकों के निर्माण की जिम्मेवारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। इन सडकों के निर्माण से शहर के लोगों को लाभ मिलेगा और सडकों से सम्बन्धित समस्याओं से निजात भी मिलेगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को निवास कार्यालय पर कार्यकतार्ओं से बातचीत करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही थानेसर हल्का का चहुंमुखी विकास कार्य 3 गुणा गति के साथ किया जा रहा है। इस हल्का में सडकों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से

कुरुक्षेत्र। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का स्वागत करते नगरवासी।

शहर में सडक निर्माण को लेकर 99.16 लाख रुपए का बजट पारित किया जाएगा। इस कार्य को लोक निर्माण विभाग की तरफ से जल्द शुरू किया जाएगा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की तरफ से गांधी नगर, नगर परिषद थानेसर में प्रताप के घर से बाईपास रोड तक आईपीबी सडक के निर्माण एवं पीवीसी पाइप बिछाने के कार्य पर 12.57 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। गांधी नगर, नगर परिषद थानेसर में लाडेन के घर से बिशु के घर तक, सुमन देवी के घर से रोशन के घर तक, शेर सिंह के घर से सतपाल के घर तक तथा पीडब्ल्यूडी मुख्य सडक से नरेंद्र के घर तक आईपीबी सडकों के निर्माण कार्य पर 29.61 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

इन क्षेत्रों में भी होगा विकास

इसके अलावा गांधी नगर, नगर परिषद थानेसर में राजिंदर के घर से डेविड के घर तक, राजिंदर पंडित के घर से करण चावला के घर तक, मीना के घर से हनुमान मंदिर तक तथा राजा राम के घर से बलराज के घर तक आईपीबी सडकों के निर्माण कार्य पर 32.66 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड नं. 3 नगर परिषद थानेसर में 24.32 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक (आईपीबी) सडकों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके अलावा वेदपाल के घर से जसवीर के घर तक, राजू रंगा के घर होते हुए। झांसा रोड से सुरेंद्र के घर तक, मेवा राम के घर से सतीश के घर तक, कालीराम के घर से गुलशन किरयाना स्टोर तक सडक निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से थानेसर हल्का के विकास का सैंकडों करोड का बजट खर्च किया जा चुका है। इस सरकार ने गांव और शहरों के हर वार्ड का सामान रूप से विकास कार्य करवाया है। इस सरकार ने सबका साथ सबका विकास की नीति को आधार मानकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का फायदा मिले। इस मौके पर थानेसर मंडल अध्यक्ष विवेक रावत, मलकीत ढांडा, पार्षद कमल किशोर, सतीश सैनी, रमेश, प्रभु दयाल, नंदू, वेद प्रकाश, लड्डा, गुरमीत तथा अजय पाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज निकलेगी इस्कॉन की भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा

तैयारियां पूरी, क्रेन से अर्पित होगा 56 भोग

कुरुक्षेत्र। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में शुक्रवार, 24 जुलाई को इस्कॉन की ओर से भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी की भव्य वार्षिक रथ यात्रा निकाली जाएगी। पुरी की विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा की तर्ज पर आयोजित इस महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। हरिनाम संकीर्तन, पुष्पवर्षा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशाल भंडारे के साथ पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि रथ यात्रा का शुभारंभ ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती से होगा। दोपहर 12 से 3 बजे तक विशेष कीर्तन, महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सायं 5 बजे श्री व्यास गौड़ीय मठ, ब्रह्मसरोवर से भगवान का भव्य रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना होगा। रथ यात्रा ब्रह्मसरोवर, जाट धर्मशाला, थीम पार्क, गुरुद्वारा चौक, रेलवे रोड और मीरी पीरी चौक से होते हुए सेक्टर-13 स्थित कम्युनिटी सेंटर पहुंचेगी, जहां विशाल भंडारे और महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्वागत मंच लगाए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और शीतल पेय की व्यवस्था रहेगी। इस बार रथ यात्रा का विशेष आकर्षण भगवान जगन्नाथ को क्रेन के माध्यम से अर्पित किया जाने वाला 56 प्रकार का छप्पन भोग होगा। ऊंचाई पर विराजमान भगवान को विशेष भोग अर्पित करने के दौरान हरिनाम संकीर्तन और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

जिलास्तरीय अंत्योदय मेला 26 को लगेगा

लाडवा। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि अंत्योदय मेले के सफल आयोजन की सभी विभाग समयबद्घ तरीके से तैयारियों को करे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर जिलास्तरीय अंत्योदय मेले का आयोजन 26 जुलाई को आई.जी.एन. कॉलेज लाडवा में होगा। इस मेले में नागरिकों को 19 विभागों की लगभग 50 योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। सरकार का उदेश्य है कि पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अनुभव मेहता वीरवार को उपमंडल नागरिक कार्यालय लाडवा में अंत्योदय मेले के आयोजन को लेकर अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

'नी मैं कमली श्याम दी कमली' की मधुर प्रस्तुति ने बांधा समां

पिहोवा। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद और पवित्र प्रेरणाओं से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष होने वाली प्रभातफेरियों की श्रृंखला में गौ सेवा को समर्पित वीरवार की प्रभातफेरी प्रवीण सैनी परिवार की ओर से नंद कॉलोनी में आयोजित की गई। पंडित राजेश शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना के पश्चात प्रभातफेरी का शुभारंभ किया गया। भजन गायक सुरेश वर्मा द्वारा प्रस्तुत /"सौणे मुखड़े दा लैण दे नजारा/" तथा वीणा चावला द्वारा गाया गया /"नी मैं कमली श्याम दी कमली/" भजन सभी श्रद्धालुओं के हृदय को छू गया और पूरा वातावरण श्याममय हो उठा।इस अवसर पर हेमंत धवन, जगदीश सैनी, श्रवण वर्मा एवं राजेश शर्मा ने आयोजक प्रवीण सैनी परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में आयोजक परिवार के सदस्य ओमप्रकाश सैनी, रुद्ध सैनी, विक्की सैनी, पूजा सैनी, बिंदर सैनी, सतपाल शर्मा, संजय सैनी, राघव, पार्थ, सोनू एवं शालू सैनी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया।

छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन जिला कुरुक्षेत्र ने गुरुवार को भारत की राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर जंतर-मंतर, नई दिल्ली में परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा कथित बल प्रयोग की निंदा की। संगठन ने मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र बार-बार लीक होने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। इसी के विरोध में

छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। ज्ञापन के अनुसार छात्रों की प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, प्रश्नपत्र लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र समीक्षा शामिल हैं। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार का दायित्व है कि वह छात्रों की समस्याओं को सुने और उनसे संवाद स्थापित करे। संगठन ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों की स्वतंत्र जांच, परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की भी मांग की। इस अवसर पर अकछव के राज्य सह सचिव एडवोकेट राजविन्दर सिंह चन्दी और यूनिट अध्यक्ष प्रशीष कंवर ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का संवैधानिक और लोकतांत्रिक समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान से ऊपर कोई नहीं है तथा प्रत्येक अधिकारी संविधान के प्रति जवाबदेह है। इस दौरान एडवोकेट जिले सिंह सभ्रवाल, एडवोकेट दीपक निब्रायन, एडवोकेट तनीषा, एडवोकेट दीपक वर्मा, एडवोकेट अमित संदौली और एडवोकेट सहदेव राडान सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

केयू में 'ब्रॉडकास्टिंग इन एआई एरा' विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमसीएमटी) के मिनी सभागार में नेशनल ब्रॉडकास्टिंग डे के अवसर पर ब्रॉडकास्टिंग इन एआई एरा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मीडिया विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में प्रसारण माध्यमों की बदलती भूमिका, जिम्मेदार पत्रकारिता तथा रचनात्मक संचार के महत्व पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने विद्यार्थियों को नेशनल ब्रॉडकास्टिंग डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सच्ची रचनात्मकता केवल सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से नहीं, बल्कि आत्मिक चिंतन, अध्ययन और समाज से जुड़ाव से विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों, संस्कृति और समाज से जुड़े रहें तथा व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए रेडियो एवं अन्य प्रसारण माध्यमों के गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रमों को सुनने और समझने की आदत विकसित करें।

प्राकृतिक जीवनशैली और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारें भावी डॉक्टर : आचार्य देवव्रत

राज्यपाल ने मेधावी छात्रों को 11-11 हजार रुपये से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नीट की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभी मेधावी छात्रों ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से विशेष मुलाकात की। इस गरिमामय एवं प्रेरक अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप और सफल छात्रों के अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत ने नीट परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने वाले सभी भावी डॉक्टरों को इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर

गुरुकुल प्रबंधन की ओर से सभी सफल छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप 11-11 हजार रुपये की सम्मान राशि के चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान भावी डॉक्टरों को संबोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा- चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र से प्राप्त संस्कार और अनुशासन आपको एक उत्कृष्ट चिकित्सक के साथ-साथ एक संवेदनशील इंसान भी बनाएंगे। एक डॉक्टर का मुख्य ध्येय केवल बीमारी का इलाज करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्वस्थ और प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देना होना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी देश और समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे।

अग्रश्री अवॉर्ड से सम्मानित हुए समाजसेवी आरडी गोयल

कुरुक्षेत्र। महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) द्वारा 35वां छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम विद्या भारती सभागार गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य गौभक्त रामदास गोयल को अग्रश्री अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मैसी के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला ने कहा कि राम दास गोयल की पांच पीढ़ियों ने भारत की आजादी की लड़ाई तथा देश की अखंडता में अपना योगदान दिया है। अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलते हुए राम दास गोयल ने शिक्षा, सामाजिक कल्याण और मानवीय कार्यों के प्रति आजीवन समर्पण के माध्यम से समाज की असाधारण और निस्वार्थ सेवा की है। 15 वर्षों से अधिक समय से राम दास गोयल युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और शैक्षणिक उत्कृष्टता के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही अनेक शैक्षिक पहलों के मार्गदर्शक रहे हैं। शिक्षा, विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत जीवन बदल दिए हैं और समुदाय के सामाजिक और शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षा के क्षेत्र से परे आरडी गोयल ने गौ सेवा में असाधारण योगदान दिया है। गायों की देखभाल, संरक्षण और कल्याण के प्रति उनके करुणामय प्रयासों ने व्यापक सम्मान और प्रशंसा अर्जित की है।

हिंदी भाषा भारत-श्रीलंका के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंधों का सशक्त सेतुः सुभाषिनी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा श्रीलंका में हिंदी का विकास और चुनौतियाँ विषय पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन हिंदी विभाग स्थित गणपति चन्द्र गुप्त हॉल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीलंका की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सुभाषिनी रत्नायका थीं, जो केलानिया विश्वविद्यालय, श्रीलंका में स्टूडेंट काउंसलर एवं विज्ञान संकाय से संबद्ध हैं ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं भावनात्मक संबंधों को सुदृढ़ करने वाला एक सशक्त सेतु है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका और भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक संबंध अत्यंत प्राचीन हैं और श्रीलंका की सांस्कृतिक जड़ें भारत से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इसी कारण हिंदी के प्रति श्रीलंका के विद्यार्थियों और युवाओं में निरंतर रुचि बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका के 17 विश्वविद्यालयों में से 12 विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन किया जा रहा है, जबकि श्रीलंकार देश के लगभग 150 विद्यालयों में भी हिंदी पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में हिंदी सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विशेष रूप से पर्यटन, अनुवाद, द्विभाषिया सेवाओं, शिक्षण, मीडिया, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा भारत-श्रीलंका व्यापारिक संबंधों में हिंदी जानने वाले युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। भारत आने वाले श्रीलंकाई विद्यार्थियों तथा श्रीलंका आने वाले भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण भी हिंदी का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि हिंदी भाषा में विकास की अपार संभावनाएं है।

जागरूकता | राष्ट्रीय आईएपी-सीपीआर सप्ताह में विद्यार्थियों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

दिल की धड़कन थमे तो घबराएं नहीं सीपीआर से बच सकती है जान

आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर के महत्व की दी जानकारी

सही जानकारी, साहस और तत्परता किसी व्यक्ति को बना सकती है जीवनरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय आईएपी-सीपीआर सप्ताह (17 से 24 जुलाई) के तहत 'हर व्यक्ति बचा सकता है एक जीवन' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी, कुरुक्षेत्र और किशोर स्वास्थ्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एसएमबी गीता विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए हृदय-फुफ्फुसीय पुनर्जीवन (सीपीआर) पर विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन आरोग्य जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में चल रहे निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का

हिस्सा था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राकेश सी. भारद्वाज, डॉ. प्रदीप सिंगला, डॉ. तनुज अग्रवाल, डॉ. संजय शर्मा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सीपीआर की आवश्यकता, सही तकनीक और आपातकालीन परिस्थितियों में इसके महत्व की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. राकेश सी. भारद्वाज ने कहा कि सीपीआर केवल चिकित्सकों का विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए आवश्यक जीवनरक्षक कौशल है। उन्होंने बताया कि भारत में हर मिनट लगभग 112 लोगों की मृत्यु हृदय गति रुकने से होती है, जबकि केवल दो प्रतिशत लोगों को ही सीपीआर का प्रशिक्षण प्राप्त है। यदि अधिक लोग इस तकनीक को सीखें तो हजारों अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं। डॉ. प्रदीप सिंगला ने डमी मॉडल पर सीपीआर का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले सही तरीके से किया गया सीपीआर मरीज के जीवन की सबसे बड़ी उम्मीद बन सकता है। वहीं डॉ. तनुज अग्रवाल ने विद्यार्थियों से स्वयं सीपीआर का अभ्यास करवाते हुए कहा कि सही जानकारी, साहस और तत्परता किसी भी व्यक्ति को जीवनरक्षक बना सकती है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने इस पहल को विद्यार्थियों में मानवीय संवेदनाओं और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला महत्वपूर्ण अभियान बताया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र वालिया का सहयोग रहा। अंत में डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि वर्ष 1987 से आरोग्य जनकल्याण ट्रस्ट स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से समाज सेवा कर रहा है और यह 2116वां निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर जनहित के इसी संकल्प का प्रमाण है।

जानिए क्यों जरूरी है सीपीआर?

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एक ऐसी जीवनरक्षक तकनीक है, जिसका उपयोग हृदय गति और सांस रुकने की स्थिति में किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना, हार्ट अटैक या अचानक कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इस दौरान सही तकनीक से सीपीआर दिया जाए तो मरीज के शरीर में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बना रहता है और उसके बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक और आम नागरिक को सीपीआर का प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह किसी अनमोल जीवन को बचा सके।

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान एवीटी टीम ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही महावीर ने बताया कि शिकायतकर्ता बलजीत सिंह ने 28 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि 23/25 अप्रैल 2026 के दौरान आरोपी ने बस अड्डा पार्किंग अंबाला शहर से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए संलिप्त आरोपी अनिल उर्फ रिंकू वासी फेरूवाला कॉलोनी यमुनानगर को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।

फ्रूट दुकान से नकदी चुराने वाले दो गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी पुलिस ने हिल रोड खान ढाबा के पास स्थित फ्रूट की दुकान में गल्ले से नकद राशि चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता महिंद्र ने 15 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपियों ने हिल रोड खान ढाबा के पास स्थित उसकी फ्रूट की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी आयुश व अभि को गिरफ्तार कर उनसे 30 हजार की नकदी बरामद की है। आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण संदेश

शहजादपुर। उपमंडल पशुपालन अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में वीरवार को त्रिवेणी रोपण के साथ व्यापक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने त्रिवेणी का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। सैनी ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है।

नारायणगढ़ में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

शहजादपुर। नारायणगढ़ में अंडर-14 वर्ष आयु वर्ग की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ ब्लू बेल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किया गया है। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजीव मेहता, प्राचार्य ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार सैनी, खेल सचिव एवं मुख्याध्यापक, राजकीय विद्यालय नबीपुर ने की। मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

आठ करोड़ की लागत से सीवरेज परियोजना का शिलान्यास

कांवला में पानी निकासी और स्वच्छता की समस्या का होगा स्थायी समाधान

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले, लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग हुई पूरी, अब ग्रामीणों को मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में विकास की रफ्तार को एक बार फिर गति मिली है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के कांवला गांव में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया है। इस दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह से पहले जब पूर्व मंत्री असीम गोयल और मेयर अक्षिता सैनी कांवला गांव पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अंबाला शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की निगम क्षेत्र में आने वाले गांवों को विकास के मामले में शहर से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा, विकास के मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

सीवरेज और पेयजल परियोजना से कांवला गांव को मिलेगी नई पहचान

8 करोड़ की इस सीवरेज परियोजना से कांवला गांव के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जल निकासी और स्वच्छता की समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मेयर अक्षिता सैनी और वार्ड नंबर 20 की निगम सदस्य सपना रानी ने भी शिरक़त कर इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में जब असीम गोयल मंत्री थे तब वर्ष 2024 के दौरान निगम के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 165 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दिलाई गई थी। इसी कड़ी के तहत कांवला गांव में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज और पेयजल लाइन डालने का कार्य शुरू हुआ है।उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को पब्लिक हेल्थ विभाग के माध्यम से कनेक्शन भी दिए जाएंगे।इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, सपना रानी,राजेश मेहता,शोभा पुनिया,दिनेश सूद व अन्य गणमान्य मौजूद रहे ।

शहजादपुर। प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले खिलाड़ी।

वॉलीबाल में सरस्वती हाई स्कूल की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

- लगातार तीन मैच जीतकर मारी बाजी, स्कूल में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

ब्लॉक-स्तर पर धनाना में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सरस्वती हाई स्कूल, कडासन की अंडर-14 वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में टीम ने एक के बाद एक सभी मैचों में जीत दर्ज की।

पहले मैच में तेजस पब्लिक स्कूल को हराकर विजयी शुरुआत की। दूसरे मैच में राजकीय उच्च विद्यालय पतरेहड़ी को पराजित किया और फाइनल मुकाबले में राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजेता टीम के खिलाड़ी तनिष्क सैनी, वंश, दिशांत, हर्षदीप, रूद्र, जश चौहान, मानस, कनिष्क, वैभव, दीपांशु, भविश और जसकीरत सिंह ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन टीमवर्क, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल-भावना का परिचय दिया। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह साबित कर दिया कि जीत उन्हीं की होती है जो हार नहीं मानते। इस ऐतिहासिक जीत से पूरे स्कूल परिवार में हर्ष की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, कोचों और विद्यार्थियों ने विजेता टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि टीम आगे भी इसी प्रकार स्कूल का नाम रोशन करती रहेगी।

केवल खानपूर्ति बनकर रह गया फल उत्सवः रामधारी

लाडवा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाडवा के उद्यान विभाग हरियाणा की तरफ से 8 वां फल उत्सव उप उष्ण कटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित किया जा रहा है। वीरवार को पहले ही दिन उत्सव की तैयारियों की पोल खुलकर सामने आ गई। पहले ही दिन उत्सव में न तो किसान पहुंचे और न ही तैयारियां पूरी हो पाई। भाकियू के जिला प्रधान रामधारी उर्फ भूरा डूडा ने कहा कि इस बार फल उत्सव की कोई सूचना नहीं दी गई और न ही कोई जानकारी सोशल मीडिया व समाचार पत्रों से मिली। यहीं नहीं इस फल उत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा करना था, लेकिन फिर बदलकर सी.एम.की धर्मपत्नी सुमन सैनी को बनाया गया, लेकिन अब फल उत्सव का शुभारंभ सुमन सैनी की जगह लाडवा नपा प्रधान द्वारा किया गया।

युवाओं की पीड़ा पर संवेदनशीलता दिखाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने जंतर-मंतर पर देशभर से पहुंचे छात्रों द्वारा कथित पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और उसका उत्तर लाठी, बल प्रयोग अथवा दमन से नहीं बल्कि संवाद, संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण निर्णयों से दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा लंबे समय से रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है। विभिन्न राज्यों में भर्ती परीक्षाओं के कथित पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों युवाओं के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। अनेक अभ्यर्थी वर्षों की मेहनत के बाद भी बार-बार परीक्षाएं रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में विलंब से मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विभिन्न रिपोर्टों में ऐसे मामलों का उल्लेख हुआ है।

युवाओं की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक

जहां प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े तनाव के कारण कुछ युवाओं ने आत्महत्या जैसे दुखद कदम भी उठाए। ऐसी परिस्थितियों में सरकार का पहला दायित्व युवाओं के दर्द को समझना होना चाहिए, न कि उनके शांतिपूर्ण विरोध को बलपूर्वक रोकना। पूर्व मंत्री ने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के अन्य सांसदों एवं नेताओं के साथ जिस प्रकार का पुलिस व्यवहार सामने आया, उसने लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

निःशुल्क शव वाहन सेवा शुरू, सिलाई कढाई सेंटर की भी हुई शुरूआत

अंबाला। अंबाला शहर में समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय पहल देखने को मिली। सी लाल चेरिटेबल फाउंडेशन और लायंस क्लब की ओर से लोगों की सुविधा के लिए निशुल्क शव वाहन सेवा शुरू की गई। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मेयर अक्षिता सैनी भी विशेष रूप से मौजूद रही। गीता नगरी इंडस्ट्रियल एरिया में कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने निःशुल्क शव वाहन सेवा की शुरुआत की और विधिवत रूप से वाहन को सी लाल चेरिटेबल फाउंडेशन के माध्यम से सिद्ध योगी श्री श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ जी ट्रस्ट को सौंपा।

दो तस्करों को 60 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

- नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए आरोपी, एक पुलिस रिमांड पर लिया दूसरा को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एंटी नारकोटिक्स सैल ने थाना सेक्टर-9 क्षेत्र से कार सवार दो नशा तस्करों को 60 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गौरव निवासी सिंघावाला तथा हिमांशु निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रूप में हुई है।

सटीक इनपुट के आधार पर जांच टीम के उप-निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में सौंडा-जलबेड़ा रोड पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर जब तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

अंबाला। हेरोइन तस्करी में पकड़े गए आरोपी।

आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-9 में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया गया जहां से आरोपी हिमांशु को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया जबकि गौरव का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। आरोपी गौरव के खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े से संबंधित मामले दर्ज हैं। आरोपी वर्ष 2023 से फरार चल रहा है। न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में पीओ घोषित किया हुआ है।

श्रीकृष्णा आयुष विवि के स्नातकोत्तर शोधार्थियों ने कुवि के भू-विज्ञान विभाग का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैद्य) करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के डॉ. रविराज एवं डॉ. गिरि मल्ला पाटिल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं का दल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग पहुँचा। श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के स्नातकोत्तर शोधार्थियों ने शैक्षणिक अध्ययन के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग का दौरा किया। इस दौरान शोधार्थियों ने विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर ए. आर. चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में धातुओं और खनिजों की पहचान तथा उनके वैज्ञानिक विश्लेषण की सूक्ष्म तकनीकों को समझा। विजिट के दौरान भू-विज्ञान विभाग के डॉ. नरेश कुमार एवं सरिता मान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के दुर्लभ खनिजों और शैलों के नमूने दिखाए तथा उनके भौतिक व रासायनिक गुणों की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों को आयुर्वेद में उपयोग होने वाले रसशास्त्र व द्रव्यों से जुड़े प्राकृतिक खनिजों के व्यावहारिक महत्व को समझने का अवसर मिला।

छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में वीरवार को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक सोशल एक्टिविटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस सोशल मीडिया से जुड़े समाजसेवी अमर कटारिया ने अपनी टीम के साथ सामाजिक एवं प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने का संदेश दिया। इस आयोजन में युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट, नारनौल का भी विशेष सहयोग रहा।

प्रेरणादायक गीतों से छात्रों को जीवन में सही दिशा चुनने का दिया संदेश

अंबाला। सामाजिक कार्यकर्ता अमर कटारिया को सम्मानित करते शिक्षक।

कार्यक्रम के दौरान अमर कटारिया ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सोशल मीडिया का सीमित एवं सकारात्मक उपयोग करने, माता-पिता का सम्मान करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस समय में युवाओं को सही मार्गदर्शन और अच्छे संस्कारों की सबसे अधिक आवश्यकता है। यदि विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करेंगे और परिवार के साथ जुड़े रहेंगे तो वे जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे।

सोशल मीडिया की लत से बचने पर की चर्चा

स्कूल इंचार्ज जसविंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे, गलत संगति और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि उनमें सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार विकसित हो। युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि बिरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से प्रेरित और मार्गदर्शित करना सबसे बड़ी सामाजिक आवश्यकता है।

छात्र नेताओं ने ईमानदार, निष्ठा की शपथ ली

लाडवा। लाडवा के सहारा इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को भव्य छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित हेड बॉय सूर्यकांत, हेड गर्ल अविजोत, हाउस कैप्टन लॉयन हाउस रिद्धि,टाइगर हाउस यश्वी, लेपर्ड हाउस एंजल, पैंथर हाउस अयान, वाइस कैप्टन परमवीर, कुणाल, अरनव, गीतेश तथा स्पोर्ट्स कैप्टन ध्रुव,सना व अन्य छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी छात्र नेताओं ने ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं सेवा-भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली।

प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आधुनिक ईसीजी मशीन का शुभारंभ, मरीजों को मिलेगी राहत

अंबाला। बोह गांव के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आधुनिक ईसीजी मशीन का शुभारंभ किया गया। नई तकनीक से लैस इस मशीन के लगने से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी और दिल से जुड़ी समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सकेगा। यह मशीन एक मोबाइल टैबलेट से जुड़ी है। इसके जरिए मरीज की ईसीजी रिपोर्ट कुछ ही मिनटों में सीधे डॉक्टर और मरीज के मोबाइल फोन पर पहुंच जाती है। इस उन्नत तकनीक से आपातकालीन स्थिति में कीमती समय बर्बाद नहीं होता और मरीज को तुरंत प्राथमिक उपचार व सही इलाज मिलना सुनिश्चित हो जाता है। खास बात यह है कि सरकार की ओर से यह अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह निशुल्क है। इससे ग्रामीण इलाकों के लोगों को बड़े अस्पतालों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी और समय पर सही इलाज मिल सकेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कई गांवों के कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का थामा दामन

आदर्श मार्केट के कई दुकानदार बने दुकानों के मालिक, पूर्व मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। कुछ समस्याओं उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने बारे निर्देश भी दिए। गोयल ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत यहां पहुंचे लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतरता में विकास कार्यों को करवाते हुए अंबाला शहर को ओर सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों ने विकास कार्यों से संबंधित जो समस्याएं रखी हैं उन सभी को चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। वार्ड नंबर 7 से आए लोगों ने सफाई की समस्या रखी। अंबाला शहर से आए अधिवक्ताओं ने पार्किंग को लेकर अपनी समस्या बताई। वार्ड नंबर 2 से आए लोगों ने अनाधिकृत एरिया को अप्रूव करवाने तथा अन्य लोगों ने बिजली संबंधी समस्या, पानी निकासी समस्या, पेंशन लगवाने बारे तथा अन्य समस्याओं के निदान बारे लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री को अवगत करवाया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को कहा कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

अंबाला। दूसरी पार्टियों से आए लोगों का अभिनंदन करते पूर्व राज्यमंत्री।

भाजपा दिलाएगी सभी को बराबर का सम्मान

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि दुकानों का मालिकाना हक मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। इस मौके पर गांव बलाना, अलाउद्दीन माजरा, निहारसा, सौंटा गांव से कई लोगों ने विभिन्न पार्टियों को छोड़कर भाजपा पार्टी में शामिल हुए। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें भाजपा पार्टी का पटका पहनाया। उन्हें विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी में सभी को बराबर का मान-सम्मान दिलवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का मान-सम्मान दिया जाता है। कार्यकर्ता भाजपा पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति आकर जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या रख सकता है। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उनका पूरा प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं को समझकर उनका तीव्रता से समाधान किया जा सके। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, निजी सचिव सौरभ गुप्ता, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, संजीव गोयल टोनी, गुरजंट सिंह गोल्डी, अमन सूद, दिनेश लदाणा, शेर सिंह के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।